ISSN: 2456–4397 RNI No.UPBIL/2016/68067 Vol-5* Issue-6* September-2020
Anthology : The Research

# केन्द्रिय विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों में शारीरिक शिक्षा के पाठ्यक्रम एवं प्रवक्ताओं की सुविधा पर अध्ययन

# Study on Physical Education Syllabus and Facility of Spokespersons in the Colleges of Central University

Paper Submission: 12/09/2020, Date of Acceptance: 23/09/2020, Date of Publication: 24/09/2020



**प्रदीप कुमार मौर्य**
शोधार्थी,
शारीरिक शिक्षा विभाग,
श्री सत्य साँई यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नालॉजी एण्ड मेडिकल साइन्स,
सीहोर, म0प्र0, भारत

**सारांश**

इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों में शारीरिक शिक्षा और खेलकूद से सम्बन्धित जानकारियों को एकत्र करने के लिए एक विशिष्ट प्रश्नावली का शोध उपकरण के रूप में प्रयोग किया गया, प्रश्नावली शोधार्थी द्वारा कुल 10 महाविद्यालयो से जानकारी प्राप्त हुयी। आकड़ों के रूप में प्राप्त तथ्यों को विभिन्न वर्गो मे सारणीयन कर विश्लेषित किया गया। जिसमें इलाहाबाद के महाविद्यालयों के अध्ययनरत विद्यार्थियों के शारीरिक शिक्षा के पाठ्यक्रम किन महाविद्यालयों में चल रहे हैं साथ ही महाविद्यालयों में शारीरिक शिक्षा के प्रवक्ताओं की उपलब्ध पर यह शोध किया गया जिसमें यह पाया गया है कि 10 महाविद्यालयों में से केवल 3 महाविद्यालय हैं जहाँ पर शारीरिक शिक्षा के स्थाई प्रवक्ताओं की नियुक्ति की गयी साथ ही महाविद्यालयों में शारीरिक शिक्षा का पाठ्यक्रम निर्धारित है।

A specific questionnaire was used as a research tool to collect information related to physical education and sports in the colleges of Allahabad Central University, the questionnaire received information from a total of 10 colleges by the researcher. The facts obtained in the form of data were tabulated and analyzed in various categories. In which colleges are running the physical education courses of the students studying in Allahabad colleges, as well as the research available on the spokespersons of physical education in the colleges, it has been found that only 3 out of 10 colleges have physical colleges. Permanent spokespersons of education were appointed as well as physical education courses are prescribed in colleges.

**मुख्य शब्द :** पाठ्यक्रम, प्रवक्ता, शारीरिक शिक्षा, प्रश्नावली, इत्यादि।

Syllabus, Lectures, Physical Education, Questionnaire, etc

**प्रस्तावना**

प्रस्तुत अध्ययन इलाहाबाद के महाविद्यालयों में शारीरिक शिक्षा और खेलकूद की गतिविधियों से सम्बंधित विषय पर आधारित है। उत्तर प्रदेश क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का पांचवा बड़ा राज्य है और जनसंख्या की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य है। उत्तर प्रदेश केवल भारत की अधिकतम जनसंख्या वाला राज्य ही नहीं है बल्कि विश्व की सर्वाधिक आबादी वाली उप राष्ट्रीय इकाई है। यदि उत्तर प्रदेश को अलग देश बनाया जाय तो वह पांच राष्ट्रों चीन, भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, इण्डोनेशिया और ब्राजील के बाद छठवां सबसे बड़ा जनसंख्या वाला देश होगा। उत्तर प्रदेश क्षेत्र की दृष्टि से $23^0 52'$ से $30^0 25'$ अक्षांश और $77^0 3'$ से $84^0 39'$ पूर्वी देशान्तर रेखांश के मध्य स्थित है। जिसकी सीमा पूर्व से पश्चिम 650 किमी. और उत्तर से दक्षिण 240 किमी. है। कुल 2,40,928 वर्ग किमी. क्षेत्रफल वाला भारत का पांचवा बड़ा राज्य है।

शोधार्थी इलाहाबाद विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों कें अन्तर्गत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अपनी शोध के दौरान यह अनुभव किया कि अन्तर विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर इलाहाबाद के विश्वविद्यायीन खिलाड़ियों की उपलब्धियाँ विश्वविद्यालयों में उपलब्ध खेल सुविधाओं से प्रभावित है। इसी तथ्य की वास्तविकता को परखने के उद्देश्य से

शोधाथी ने ''इलाहाबाद के महाविद्यालयों में शारीरिक शिक्षा एवं खेल सुविधाओं का अध्ययन'' को अपने शोध विषय का एक अंग बनाया।

**अध्ययन का उददेश**

इस शोध पत्र का उद्देश्य केन्द्रीय विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों में शारीरिक शिक्षा के पाठ्यक्रम एवं प्रवक्ताओं की सुविधा पर अध्ययन करना है।

**अध्ययन पद्धति (Methodology)**

शोधकार्य केन्द्रीय महाविद्यालयों कुल 10 महाविद्यालयों मे से 10 महाविद्यालयों के परिसर में उपलब्ध शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद सुविधाओं के अध्ययन तक सीमित है। अध्ययन हेतु विषय के विद्वानो के सहयोग से प्रश्नावली का निर्माण किया।


शोधार्थी ने प्रश्नावली के माध्यम से प्राप्त आकड़ो को विभिन्न वर्गो में विभाजित कर उनका विश्लेषण किया और यथा उचित सारिणियों का निर्माण कर साधारण गणीतीय गणना के आधार पर आकड़ों का विश्लेषण किया।

**सारणी क्रमांक–1**
**महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के विकास हेतु खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा का पाठ्यक्रम निर्धारित है**

| क्र0सं0 | विकास हेतु खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा का पाठ्यक्रम | महाविद्यालय की संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | निर्धारित है | 3 | 30 |
| 2. | निर्धारित नहीं है | 7 | 70 |
| | कुल महाविद्यालयों का योग | 10 | 100 |

शोध समस्या से सम्बन्धित इलाहाबाद महाविद्यालय के अंतर्गत जिन 10 राजकीय एवं अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों में आंकड़ों का संकलन किया गया है, उनमें से 3 अर्थात 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम निर्धारित है, एवं 7 अर्थात 70 प्रतिशत में पाठ्यक्रम महाविद्यालय में निर्धारित नहीं है।

**ग्राफ क्रमांक–1**
**महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के विकास हेतु खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा का पाठ्यक्रम निर्धारित है**





**सारणी क्रमांक–2**
**महाविद्यालय में खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता उपलब्ध है**

| क्र0सं0 | खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता पद | महाविद्यालय की संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रवक्ता उपलब्ध है | 3 | 30 |
| 2. | प्रवक्ता उपलब्ध नहीं है | 7 | 70 |
| | **कुल महाविद्यालयों का योग** | 10 | 100 |

शोध समस्या से सम्बन्धित इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालय के अंतर्गत आंकड़ों का संकलन किया गया है, उनमें से 3 अर्थात 30 प्रतिशत उपलब्ध प्रवक्ता है, एवं 7 अर्थात 70 प्रतिशत महाविद्यालयों में शिक्षक, प्रवक्ता उपलब्ध नहीं है।

**ग्राफ क्रमांक–2**
**महाविद्यालय में खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा**
**प्रवक्ता उपलब्ध है**




**निष्कर्ष**

शोध विषय ''महाविद्यालयों में क्रीड़ा गतिविधियों के लिए अपेक्षित सुविधाओं एवं उपलब्धियों का अध्ययन (केन्दीय विश्वविद्यालय इलाहाबाद के संघटक महाविद्यालयों कें विशेष संदर्भ में)'' से प्राप्त आंकड़ों से निम्नलिखित निष्कर्ष सामने आये हैं जिसके शोधकर्ता ने निम्न प्रकार से उद्धत किया है–

1. महाविद्यालयों में क्रीड़ा सम्बन्धी अध्ययन से ज्ञात हुआ कि महाविद्यालयों में न तो मानक के अनुरूप शारीरिक शिक्षक की नियुक्ति है और न ही अन्य सुविधाएं उपलब्ध है। कुछ ही महाविद्यालयों में मानक के अनुसार शारीरिक शिक्षा के प्रवक्ता की नियुक्ति है।
2. अध्ययन से यह भी ज्ञात हुआ कि जिन महाविद्यालयां में शारीरिक शिक्षक है उन्हें महाविद्यालय सम्बन्धी अनेक जिम्मेदारियाँ भी निभानी होती है, जिनके कारण वह शारीरिक शिक्षा एवं खेल के लिए समय नहीं दे पाते हैं।

**सन्दर्भ ग्रंथ सूची**

1. *अटवाल, एच.एस. और यादव, आर.के. स्वतंत्र भारत में शारीरिक शिक्षा का इतिहास, अमित ब्रदर्स पब्लिकेशन्स नागपुर 2006*
2. *कमलेश, एम.एल. ''फिजिकल एज्युकेशनः फैक्ट एण्ड फाउण्डेशंस'' पी.वी. पब्लिकेशन फरीदाबाद 1988*
3. *डोनाल्ड, एच. मैक ब्यूर्न ''रिसर्च मेथड्स'' कूले पब्लिशिंग कम्पनी 1994*
4. *निगम, एस.एस. – ए स्टडी ऑफ दिन फाइनेन्स ऑफ द युनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान – शोध प्रबंध, राजस्थान विश्वविद्यालय, 1979।*
5. *सिंह महेन्द्र पाल, उत्तर प्रदेश में बुन्देलखण्ड क्षेत्रान्तर्गत महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं प्राध्यापकों का शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद के प्रति दृष्टिकोण –शोध प्रबंध, डिग्री कालेज आफ फिजिकल एजुकेशन, अमरावती, 1994।*
6. *कृष्णन, मानेन–फिजिकल एजुकेशन फेसिलिटीज इन मद्रास सिटी, शोध प्रबंध, डिग्री कालेज आफ फिजिकल एजुकेशन, अमरावती, 1964।*
7. *सक्सेना, अखिलेश चन्द्र–ए स्टडी आफ स्पोर्ट्स फेसिलिटीज एवलेबल इन कालेज आफ आगरा युनिवर्सिटी, शोध प्रबंध, अमरावती विश्वविद्यालय, अमरावती, 1990।*
8. *प्रो. एम.मोहन, डा. (श्रीमती) एम.सारस्वत, भारतीय शिक्षा का विकास और समस्यायें, पेज 65–69।*